पंजाब केसरी 12/08/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज में प्रधानमंत्री आरोग्य योजना पर हुआ व्याख्यान



*गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में प्रधानमंत्री आरोग्य योजना विषय पर व्याख्यान करतीं विशेषज्ञ।* (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 11 अगस्त (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में सोमवार को प्रधानमंत्री आरोग्य योजना विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन एन.सी.सी. की सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा ने किया। कार्यक्रम में 12 कैडेट्स ने भाग लिया।

व्याख्यान जी.एम.एन. नर्सिंग कॉलेज की डा. ज्योति द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री आरोग्य योजना की विशेषताओं, लाभों तथा स्वास्थ्य सेवाओं में इसकी उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई। यह आयोजन वन हरियाणा बटालियन के निर्देशन में संपन्न हुआ। अंत में, सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया और कैडेट्स को इस योजना की अधिक जानकारी लेकर समाज में जागरुकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके पश्चात कैडेट्स ने कॉलेज के बाहर जाकर सभी लोगों को इस योजना से अवगत करवाया।